उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,

लखनऊ – 226010

संख्या :-37 /सूचना / 05/कम्प्यू.अनु.-(बारह)/2019/26-परीक्षा/2016

लखनऊ : दिनांक : 15 मई, 2019

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के **विज्ञापन संख्या- 26-परीक्षा/2016** द्वारा विज्ञापित **सम्मिलित कनिष्ठ सहायक व कनिष्ठ लिपिक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2016(II)** के अंतर्गत विभिन्न विभागों में **कनिष्ठ सहायक व कनिष्ठ लिपिक** के रिक्त 548 पदों के अंतर्गत विज्ञापित पदों पर चयन हेतु आन लाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

आयोग के उक्त विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **सम्मिलित कनिष्ठ सहायक व कनिष्ठ लिपिक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2016(II)** की लिखित परीक्षा दिनांक-31-05-2019 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 10.00 बजे से 11.00 बजे तक प्रदेश के 15 जनपदों यथा- आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मथुरा, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर. प्रयागराज, सहारनपुर व वाराणसी में आयोजित की जायेगी। प्रश्नगत परीक्षा के प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने के संबन्ध में अभ्यर्थियों को पृथक से यथासमय सूचित किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।